# विनिर्माण क्षेत्र को मिलेगी मजबूती : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी । भारत के घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को आने वाले कुछ महीनों में मजबूती मिलेगी। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ेगा।

समीक्षा में कहा गया है कि अमेरिका और यूरोप में बढ़ती संख्या में संगठन पुनः औद्योगीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ये संगठन मुख्य रूप से आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाने का लक्ष्य रख रहे हैं। इसका फायदा भारत की विनिर्माण कंपनियों को मिलना तय है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, पश्चिमी देश लगातार चीन पर निर्भरता को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वे अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाना चाह रहे हैं, जिसका लाभ आने वाले दिनों में मिलेगा।

वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में माल निर्यात दोहरे अंकों में वृद्धि हासिल करेगा, मजबूत संभावनाओं का संकेत है। यह आशावादी दृष्टिकोण बढ़े हुए निवेश और भारत के पक्ष में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में रणनीतिक बदलावों से प्रेरित है।